दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO-
UPBIL/2021/83001





वर्ष :- 03 अंक :- 20 मुरादाबाद, 10 May 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## कानपुर में सीएम योगी ने भरी जीत की हुंकार, बोले- अब दंगा कर्फ्यू नहीं...मनते हैं उत्सव

निकाय चुनाव को लेकर प्रचार के आखिरी दिन मतदाताओं को रिझाने के लिए सीएम योगी कानपुर पहुंचे। उन्होंने जनसभा के दौरान पूर्ववर्ती सपा-बसपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार का आज अंतिम दिन है। मंगलवार शाम छह बजे से प्रचार की गाड़ियों पर ब्रेक लग जाएगा। ऐसे में भाजपा पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर दौरे पहुंचे थे। दक्षिण कानपुर क्षेत्र में किदवई नगर के कमर्शियल मैदान में आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री योगी ने संबोधित किया। यहां उन्होंने मंच से पांच निकाय क्षेत्रों को साधने का काम किया। सीएम ने लोगों से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए विपक्ष पर जमकर हमला भी बोला। उन्होंने कहा है कि पूर्ववर्ती सपा-बसपा सरकार ने प्रदेश को कई दशक पीछे धकेला था। भाजपा ने विकास की गति को तेज किया है। कानपुर में पहले कट्टे बनते थे। उपद्रव और दंगे होते थे। अब उत्सव मनते हैं, युवाओं के हाथों में पहले तमंचे होते थे...अब टैबलेट्स हैं।

### कनेक्टिविटी बढ़ने से बढ़ी है प्रोडक्टिविटी



कानपुर में अब दंगा कर्फ्यू नहीं होता है। कनेक्टिविटी बढ़ने से प्रोडक्टिविटी बढ़ी है। कानपुर में इसी महीने एयरपोर्ट का हम उद्घाटन करने वाले हैं। रिंग रोड बनने वाली है। मेट्रो का काम भी चल रहा है। आज गुंडा टैक्स और वसूली नहीं हो रही है। लोगों को सुरक्षा के साथ विकास मिल रहा है।।

### सीएम के साथ मंच पर मौजूद है ये पदाधिकारी

बता दें कि सीएम योगी के आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों ने उनका जमकर स्वागत किया। उनके साथ मंच पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, सांसद सत्यदेव पचौरी और देवेंद्र सिंह भोले सहित भाजपा के अन्य नेता, सांसद और विधायक मौजूद रहे।

### अराजकता को साफ करने का चुनाव

जनसभा में सीएम योगी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बिना यहां तक कह दिया कि उनका निकाय चुनाव को कूड़ा उठाने का चुनाव करार देने का बयान छह करोड़ लोगों का अपमान है। योगी बोले कि दरअसल यह कूड़ा नहीं, सपा-बसपा के कचरे, गंदगी, अराजकता को साफ करने का चुनाव है।

### कानपुर के बाद बांदा दौरा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तय कार्यक्रम के अनुसार सीएम योगी सुबह 11.15 बजे चकेरी एयरपोर्ट पर उतरे। यहां से उनका हेलिकॉप्टर निराला नगर रेलवे मैदान पर बने हैलीपैड पर उतरा। इसके बाद वह कार के माध्यम से जनसभा स्थल पर पहुंचे।

### उम्मीदवारों के पक्ष में वोट की अपील

जनसभा के बाद वह कानपुर से बांदा जाने के लिए हेलिकॉप्टर से रवाना हुए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की जनसभा में मंच से लेकर उनके आस-पास महज 125 भाजपा के पदाधिकारी ही रहे। कानपुर के बाद सीएम बांदा रवाना हो गए और वहां भी अपने उम्मीदवार के पक्ष में जनता से वोट की अपील करेंगे।

### पूर्व की रैलियों में अखिलेश-मायावती पर साधा था निशाना

इससे पहले हुई चुनावी रैली में सीएम योगी ने मतदाताओं से कहा था कि आप लोगों ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बयान सुना होगा। इसमें वह निकाय चुनाव को कूड़े का चुनाव कह रहे हैं। उन्हें बताना चाहता हूं कि ये चुनाव सपा-बसपा के फैलाए कचरे को साफ करने वाला है।

### 60 फीट लंबे मंच से भरी जीत की हुंकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंगलवार को केशव नगर के कमर्शियल ग्राउंड में होने वाली जनसभा के लिए 60 फीट लंबा, 40 फीट चौड़ा और छह फीट ऊंचा मंच बनाया गया था। मंच पर 25 लोगों के बैठने की व्यवस्था थी। इसी मंच से योगी मतदाताओं को साधने का काम किया।

### यह है कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया था। जनसभा स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे व पीटी जेड कैमरे लगवाए गए थे। वहीं आसपास की इमारतों पर रूफटॉप ड्यूटी लगाई गई थी। पुलिस युवा मित्र एवं एलआईयू की टीम के साथ ही सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात रही। ड्रोन कैमरों से जनसभा स्थल की निगरानी भी की गई।

## हर कर्नाटक वासी का सपना, मेरा सपना, पीएम मोदी बोले- हमें कोई नहीं रोक सकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं कर्नाटक को नंबर एक बनाने के लिए आपका आशीर्वाद चाहता हूं। पीएम ने कहा कि मेरी अपील कर्नाटक के उज्जवल भविष्य के लिए है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को वोट डाले जाएंगे, उससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री ने लोगों से समर्थन की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा बीते दिनों उन्हें राज्य की जनता ने जो प्यार दिया, वह अतुलनीय है। इससे कर्नाटक को सभी सेक्टर में नंबर एक बनाने का उनका संकल्प मजबूत हुआ है।

### पीएम मोदी ने की ये अपील

पीएम मोदी ने कहा कि हर कर्नाटक वासी का सपना, मेरा सपना है। आपका संकल्प, मेरा संकल्प है। जब हम साथ आते हैं और अपने लक्ष्य तय करते हैं तो दुनिया में कोई ताकत हमें नहीं रोक सकती। प्रधानमंत्री ने कहा कि



मैं कर्नाटक को नंबर एक बनाने के लिए आपका आशीर्वाद चाहता हूं। पीएम ने कहा कि मेरी अपील कर्नाटक के उज्जवल भविष्य के लिए है। यह आपके परिवार, विशेष रूप से युवा पीढ़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए राज्य में कई दिनों तक ताबड़तोड़ प्रचार किया। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक में 19 जनसभाएं और छह रोड शो किए।

### कांग्रेस पर बोला हमला

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने अपने एक भाषण में कर्नाटक को संप्रभु बता दिया था। जिस पर भाजपा और पीएम मोदी ने तगड़ा पलटवार किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार कर्नाटक आया और कहा कि वे कर्नाटक की संप्रभुता की रक्षा करना चाहते हैं। कांग्रेस जो कह रही है, उसका मतलब यह है कि कांग्रेस का मानना है कि कर्नाटक भारत से अलग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत के हितों के खिलाफ काम करने की बात आती है तो कांग्रेस का शाही परिवार सबसे आगे होता है।

## अतीक-अशरफ का बदला लेना है: मौलाना तौकीर रजा ने दिया भड़काऊ बयान, भाजपा-सपा को बताया हत्या का जिम्मेदार

मौलाना तौकीर रजा ने माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या को लेकर भड़काऊ बयान दिया है। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या, आजम खां की जिल्लत का बदला लेने की बात कह रहे हैं। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने बरेली के फरीदपुर में सोमवार देर रात एक जनसभा में कहा कि अगर अतीक और अशरफ की हत्या का बदला लेना है, आजम खां के ऊपर हुए जुल्मों का बदला लेना है तो मुसलमानों तुम्हें खुद को बदलना होगा। अगर अपने हालात दुरूस्त रखना चाहते हो तो तुम्हें अपने तौर-तरीके बदलने होंगे। मुसलमानों जैसा बनना होगा। अगर तुम नहीं बदले इससे भी बुरा हश्र होगा। फरीदपुर के आईएमसी के समर्थित प्रत्याशी इफ्तिखार के समर्थन में आयोजित जनसभा को आईएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां संबोधित कर रहे थे। कहा कि मुसलमान पर जब भी जुल्म और ज्यादती हुई है। उन्होंने कभी उसकी बिरादरी नहीं देखी। उन्होंने



कहा कि अतीक-अशरफ की हत्या और आजम खां की जिल्लत के लिए जितनी जिम्मेदार भाजपा है, उससे कम जिम्मेदार समाजवादी पार्टी भी नहीं है। अखिलेश यादव का उतना ही हाथ है, जितना भाजपा का हाथ है। निकाय चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा कि तुम्हें एक मौका मिला है। यह बताने के लिए कि तुम एकजुट हो जाओ।

### पहले मुख्यमंत्री की भूमिका पर उठा चुके सवाल

प्रयागराज में हुई अतीक-अशरफ की हत्या के मामले में 18 अप्रैल को एक प्रेसवार्ता में भी तौकीर रजा खां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूमिका पर सवाल उठा चुके हैं। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा था कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि इस हत्याकांड में मुख्यमंत्री का हाथ है या नहीं।

### सपा ने उकसाया और ताकतवर ने हत्या कर दी

मौलाना तौकीर रजा खान से जब पूछा गया कि सरकार भाजपा की है, अतीक-अशरफ की सुरक्षा की जिम्मेदारी भाजपा सरकार की बनती है तो उन दोनों की हत्या में सपा का हाथ कैसे आ गया। इस पर तौकीर रजा खां ने कहा कि सपा ने ऐसे हालात बनाए तो हत्या हो गई। कहा कि विधानसभा में तकरार होती है। सपा उकसाने का काम करती है। एक तरह से ऐसे समझ लीजिए कि एक ने उकसाया और मेरे पास ताकत है, मैंने मारकर दिखा दिया। आप कुछ नहीं कर सके।

## अखिलेश यादव बोले- भाजपा मचा रही है लूट, जातीय जनगणना से स्थापित होगा रामराज्य

रसूलाबाद में अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में घूसखोरी, बलात्कार, डकैती आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पीड़ितों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जनता को प्रदेश के मुखिया गुमराह कर रहे हैं। जिस देश के प्रधानमंत्री ने स्वयं झाड़ू लगाई और सफाई कर्मियों के पैर धोए हैं। ऐसे देश के प्रदेश में भाजपा वाले लूट मचाए हुए हैं। ऐसे लोगों की सफाई का काम समाजवादी पार्टी करेगी। प्रदेश सरकार में किसानों को भी ठगा जा रहा है। किसानों को उनके गेहूं की फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। गेहूं प्राइवेट हाथों में देकर अमीरों की जेब भरी जा रही है। समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना करवाना चाहती है। जातीय जनगणना होने पर ही सबका साथ और



सबका विकास संभव होगा। तभी रामराज्य स्थापित होगा। यह बात सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रसूलाबाद की जनसभा में कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक जातीय गणना नहीं होगी, तब तक समाजवाद नहीं होगा। जब तक समाजवाद नहीं होगा, तब तक रामराज्य भी नहीं होगा। समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना करवाकर सबका विकास कराना चाहती है। उन्होंने कहा की वह अलीगढ़, मेरठ आदि सभी जगहों से होते हुए आए हैं।

### सबसे ज्यादा मेयर सपा जीतेगी

इन चुनावों में सबसे ज्यादा मेयर सपा पार्टी जीतेगी। यह चुनाव 2024 के चुनावों की दिशा तय करेंगे और दिल्ली की सरकार में बदलाव होगा। इस सरकार में कुछ भी नया काम नहीं हुआ है। सपा ने पुलिस की सहायता के लिए डायल 100 की जो व्यवस्था की थी। वह बढ़ाकर यूपी 112 कर दी गई है।

### भाजपा में कोई भी नया काम नहीं हो रहा

पुलिस वालों का प्रमोशन कर दिया गया है, जिससे उनकी फीस भी बढ़ गई है। 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था भी समाजवादी पार्टी की देन थी। समाजवादी पार्टी की सरकार में जो सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव थे और काम शुरू हो गया था.. उन्हीं को आगे बढ़ाया गया है। भाजपा सरकार में कोई भी नया काम नहीं हो रहा है।

### सपा सरकार की दी सुविधाएं..बंद हो गई हैं

यह सरकार झूठ फैला रही है और लोगों के बीच में नफरत फैलाने का काम कर रही है। प्रदेश में सपा सरकार ने जो सुविधाएं दी थीं, वह बंद हो गई हैं। अस्पतालों में दवाएं नहीं है.. डॉक्टर काम चलाऊ संख्या में ही है। जनता की सुविधा केवल खानापूर्ति तक रह गई है।

### सड़कों के गड्ढों और सांड़ों से बचते-बचाते पहुंचे

महंगाई चरम पर है। विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। सरकार कहती है कि महंगाई नहीं बढ़ी है। जिस प्रदेश का मुखिया मोबाइल चलाना नहीं जानता है। वह जनता को गुमराह करने के लिए जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट बनवा रहा है। वह यहां तक किसी प्रकार सड़कों के गड्ढों और सांड़ों के हमले से बचते-बचाते आए हैं।

## संपादकीय Editorial

# 'Dangal' will become political!

For the last 16 days, the 'Dangal', which is being fought at Jantar Mantar in the capital Delhi, is now changing its form and scope. Even now our medal winning wrestlers are fighting against sexual exploitation, harassment and abusive language. There can be no question on the motives and intentions of Bajrang Punia, Vinesh Phogat, Sakshi Malik, because they are India's honour, heritage, pride. The country also wants that they get justice as soon as possible and the devils present inside wrestling should be punished and sports federations should be limited to players only. What is the role of musclemen, demons and representatives of lust in the game? What could be his role? Constitution and democracy do not allow the slightest bit of sexual violence under the guise of sports. If this matter is dragging on and taking the form of a national movement, then it is the fault of our system itself. Farmers' organizations, Chaudharys of Khap Panchayats, four women's organizations of all India level, women of Bharatiya Kisan Union (Ugrahan) from Punjab, workers' and students' organizations, actors and nameless faces of many sections have reached Jantar Mantar.

Everyone is agitated. Delhi Chief Minister Kejriwal and Education Minister Atishi, former Haryana Chief Minister Bhupinder Singh Hooda, former Governor Satya Pal Malik, Congress leaders Priyanka Gandhi and Navjot Singh Sidhu, farmer leader Rakesh Tikait, actor-politician Raj Babbar etc. also reached out to discuss the cause and cause of the wrestlers. supported the struggle. Such faces also entered in this crowd, who tried to fuel 'political hatred' against Prime Minister Modi. This is where there is a possibility of the movement becoming political. Undoubtedly the strike-demonstration of the wrestlers has gained widespread, but everyday 11 members of Khap will be present with the wrestlers. The government and the police have been given an ultimatum till May 20. Then after that there will be a mahapanchayat in Maham Chaubisi of Haryana and khap will decide how to make the movement nationwide! After all, what is the need of people like Khap in this fight? It is a sports movement, not a political, social or ideological movement. The villain for the wrestlers is Brijbhushan Sharan Singh. He has been the President of the Wrestling Federation of India and now his term is over. Allegations of playing abominable game of lust with female wrestling players are also against him. Several days have passed since the FIR was lodged, but Brij Bhushan has not been questioned yet. The question is very serious that why the Delhi Police has not yet recorded the statements of the victim women wrestlers before the judge under Section 164? In the POCSO law, there is a provision for immediate arrest of the accused. Then what is the police thinking? What is being investigated? The Olympic Charter has provisions against such an official of a sports federation, up to declaring him 'disqualified' from any sports body for ever. Brij Bhushan is completely free now and is busy giving non-verbal video statements and interviews. Undoubtedly, the country is believing that something has happened, that such wrestlers are forced to sit on the road. The basic concern is that the movement should not go astray.

# Viewpoint: Pakistan on the old line, Bilawal forgot the 'history' of his own family

Pak Foreign Minister Bilawal Bhutto's attitude in the SCO meeting showed that he is following the path of his 'family' in India's case. Since elections are about to be held in India and Pakistan, neither is going to take the risk of improving the relationship now. Pakistan's Bilawal Bhutto Zardari, while attending the SCO (Shanghai Cooperation Organisation) Foreign Ministers' Conference last week, expressed this view. Came to India with the belief that India and Pakistan should move forward and work to make 'their own history' instead of getting stuck in the history of the past. But Bilawal forgot the 'history' of his own family. His great-grandfather Sir Shahnawaz Bhutto had unsuccessfully tried to make the princely state of Junagadh a contentious issue during the 1947 partition. His maternal grandfather Zulfikar Ali Bhutto was responsible for misguiding Ayub Khan in the 1965 war. In 1971, their greed for power and their rejection of Sheikh Mujibur Rahman, who won a majority, led to nearly one crore people taking refuge in India, the birth of Bangladesh and the break-up of Pakistan. Bhutto was not 'satisfied' with this much, he wanted to break India into 'thousand pieces' and make an atomic bomb, even if the people of Pakistan had to 'eat grass' for this. Bilawal's mother becoming Prime Minister meant a generational change, but a change in attitude towards India was not possible. While in power, Benazir would launch scathing attacks against India, especially Kashmir, while out of power she would only express remorse during meetings with Indians. Bilawal himself used derogatory words against Prime Minister Modi in the United Nations in December 2022. The censure against Modi not only showed his personal immaturity, but also bleak the prospect of resuming a better relationship between the two countries. No wonder, then, that he used the Goa trip to make a few more comments on India's domestic affairs. Neither India nor Pakistan was ready for bilateral talks in the SCO meeting. India showed this by changing the protocol by avoiding even shaking hands with all visitors. Indian host S Jaishankar greeted Bilawal formally with just a smile. Referring to India's 'neighbourhood first' policy in his speech, Jaishankar expressed concern over cross-border terrorism, saying, "The exception, of course, is Pakistan, which supports cross-border terrorism." Presuming sure that India would implicitly but explicitly corner Pakistan on the issue of terrorism, Bilawal, prepared in advance, said that Pakistan itself is a victim of terrorism, it does not support terrorism, therefore, between state and non-state actors. A distinction must be made. He said that Pakistan has complied with FATF requirements to deny terrorism and money laundering. Taking a jibe at India, he said terrorism should not be 'weaponised in diplomacy'. The truth is that not only India, but the whole world has rejected the logic of non-state actors operating in India (also in Afghanistan and Iran). But Pakistan is firm on this. Bilawal told the Indian media that his mother was a victim of terrorism. He was right that his mother was killed due to terrorism, but the other side of the same coin is that India is a victim of Pakistan sponsored terrorism. Bilawal stressed that there is a need to adopt a collective approach to deal with the issue of terrorism. The fight against terrorism should unite rather than divide India and Pakistan and there is an urgent need to separate global terrorism from geopolitics. In such a situation, the chances of any reconciliation are slim. The day after the Goa conference, Bilawal and the Chinese foreign minister met in Islamabad and attacked India on the Kashmir issue. Due to India's opposition, Pakistan allowed China to reach the Indian Ocean. In economic matters, it is fast becoming a fiefdom of China. It is becoming a tailwind of China in this region and only because China is hostile to India. Bilawal has no choice but to uphold his legacy. His family and his rival (now an ally) Nawaz Sharif have a history of working quietly with the military. However, it does not take long for them to lose when the army changes sides. After disillusionment with Imran a few months ago, it was believed that the army would make Bilawal the prime minister. Now Bilawal and Sharif are in power, but Imran has given them sleepless nights. Apart from Khan, the Pakistan government is fighting with the Supreme Court and President Arif Alvi to postpone the elections due in July-August. But the election cannot be postponed indefinitely. The current infighting between various institutions has to end and elections have to be held. Loksabha elections are to be held in India also next year. It doesn't take an expert to predict that both sides will not try to normalize relations beyond rhetoric until these elections are over, even if the elections do not change anything. This is because each other's issue affects elections in both countries, but does not affect bilateral relations. Goa conference is the latest example of this. It cannot be trusted that Pakistan will stop creating trouble in Kashmir. like in goa happened, India and Pakistan seem ready to fight further. Since India is going to partially host the G-20 in Kashmir, there will be a diplomatic battle. Bilawal has already announced that a reply will be given which will be remembered. He also indicated that not all countries would be present at the summit. Now it has to be seen how China and Pakistan together compete with India and involve other countries with them to put pressure on India.

# Karnataka Elections: Parties engaged in conquering the biggest fort of South India, but the path is not so easy

As the election date is getting closer, political statements and attempts to corner each other are also increasing. Congress has compared Bajrang Dal to PFI in the manifesto. The entire BJP, including PM Modi and Amit Shah, has become aggressive about this. Karnataka assembly elections are now in their last phase, preparations of all the parties are in full swing. The BJP wants to return to power but the people of Karnataka have not voted the ruling party back to power in recent years. Being the only fort in South India, the party does not want to lose it at any cost. Not only this, it is also a great opportunity for the BJP to expand its foothold in the south. The party has left no stone unturned for this. Whether it is public rally or virtual rally, video message or padayatra, all mediums are being used to connect themselves with the voters. As the election date is getting closer, political statements and attempts to surround each other are also becoming faster. In this effort, Congress has compared Bajrang Dal to PFI in its manifesto. The entire BJP, including PM Modi and Amit Shah, has become aggressive about this. BJP has started demonstrations from Delhi to Bengaluru linking this whole matter with Shri Ram and Hanuman. There is a possibility that the Congress will have to face opposition if the matter escalates. BJP has also tried to woo voters of all sections through its manifesto, which is natural. While on the one hand, it has tried to connect the weaker sections by giving assurances like giving half kg Nandini milk to every BPL family daily, providing cheap food grains to the people and giving three gas cylinders free of cost on Ugadi, Ganesh Chaturthi and Diwali. At the same time, by promising to implement Uniform Civil Code and NRC, the party has also given air to national issues. The party has also proposed to build 5 lakh houses in urban areas and 10 lakh in rural areas.BJP's election masterstroke - BJP government's decision to end reservation for Muslims in Karnataka and divide it into Lingayats and Vokalingas will affect this election. Biggest masterstroke. The party argues that there is no provision for religion-based reservation in the Indian Constitution. Actually, this demand was long pending in the state. At the same time, the opposition alleges that the party has divided this quota among the two communities to woo both the powerful communities. The politics here is dominated by the Lingayat and Vokalinga communities. Lingayats are about 18% and Vokalingas are 16% and they have the power to change any political equation. PM Kisan Nidhi Yojana has been one of the main campaigns for BJP since 2019. In the middle of the election campaign, the party further strengthened it by releasing the 13th installment of more than Rs 16,000 crore in Belagavi. Not only this, after this Chief Minister Basavaraj Bommai completed the right work by releasing the state's share of Rs 975 crore to 48 lakh farmers. In fact, under this scheme, farmer families who fulfill the prescribed conditions are given a benefit of Rs 6000 in three equal installments during a year. Apart from this, the BJP's stand regarding the distribution of tickets is clear here as in other states. The effort of the party is to gradually oust the old leaders and bring in new faces. The most concrete proof of this is the decision not to give tickets to senior leaders like Jagadish Shettar. The party has also taken a tough stand regarding dynasty. For this, the party has also denied tickets to the sons of many senior leaders. However, as an exception B.S. Yeddyurappa's son Vijayendra has got the ticket but for this a condition has been kept that Yeddyurappa himself will not contest the election. The party has included more than 50 new faces in its list, which clearly means that it is preparing to give a new leadership to the state. When it comes to leadership, it is imperative to mention PM Modi. Whatever be the election, the role of the face of Prime Minister Narendra Modi has always been important for the party. Karnataka elections are also no exception to this. Here also the image of PM is being used. BJP believes that only with the cooperation of PM Modi, the fate of the state can be changed. Will Modi cross the BJP's boat? - The party has also taken an aggressive stand against the Congress regarding corruption. Whether it is BJP's election rally or worker's conference, the slogan 'Congress means guarantee of corruption' will be seen. For this, the party is targeting the previous Congress government led by Siddaramaiah and accusing the Congress of not taking interest in ending corruption. Under the leadership of Prime Minister Modi, the party has given priority to the agenda of development in the electoral focus and has given the command in the hands of young leaders. Besides this, the party has also reiterated the need for a 'double engine government' for the development of the state. Apart from all this, BS Yeddyurappa and Basavaraj Bommai are the factors without the mention of which the Karnataka election is incomplete. Yeddyurappa is a big factor in Karnataka as his contribution in building the party in Karnataka cannot be forgotten. Yeddyurappa's role in building the party to power cannot be ignored. Also, Yeddyurappa is considered to have considerable clout among the Lingayat community and Tee understands this completely. In fact, about 17 percent of the voters in the state come from the Lingayat community. He is also very popular among the farmers of the state. On the other hand, Basavaraj Bommai may not be very popular in Karnataka, but the fact remains that he is a Lingayat and has the full support of the party leadership. Although, after winning the Karnataka elections, whether he will again be the face of the Chief Minister's post or not, the official announcement has not been made at the moment, but there is no concrete reason to replace him.

## व्यवस्था को मंडी में देखने पहुंचे प्रेक्षक नरेंद्र कुमार पांडेय, डीएम अंकित अग्रवाल,एसएसपी उदय शंकर सिंह



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-11 मई को होने वाले दूसरे चरण के निकाय चुनाव की व्यवस्था को मंडी में देखने पहुंचे प्रेक्षक नरेंद्र कुमार पांडेय, डीएम अंकित अग्रवाल,एसएसपी उदय शंकर सिंह। नवीन गल्ला मंडी से 10 मई को पुलिस फोर्स और पोलिंग पार्टियां 11 मई के चुनाव के लिए बक्से और अन्य चुनावी शामिग्री लेकर होगी रवाना,13 मई को होगी मतगढ़ना। मंडी में स्टोंग रूम और पोलिंग पार्टियों और पुलिस फोर्स की रवानगी की व्यवस्थाओं को जांच ने परखने पहुंचे प्रेक्षक, DM , SSP, सहित जिले के तमाम अधिकारी।

DM,SSP, प्रेक्षक ने शांतिपूर्ण चुनाव कराने की कहीं बात, शरारती तत्वों को दिया साफ संदेश, गड़बड़ी करने वालों किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा।एटा - नवीन गल्ला मंडी में 10 मई को होगी पुलिस फोर्स और पोलिंग पार्टियों की रवानगी।

## ट्रैक्टर चालक के साथ की जमकर मारपीट,सभी आरोपी मौके से हुए फरार

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा के जलेसर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आईटीआई कॉलेज के पास कार सवार बदमाशों ने ट्रैक्टर चालक को लूटने के उद्देश्य से रोका, ट्रैक्टर चालक के पास कोई भी राशि नहीं मिलने पर ट्रैक्टर चालक के साथ की जमकर मारपीट,सभी आरोपी मौके से हुए फरार, ट्रैक्टर चालक अंकुल निवासी हाथरस गंभीर रूप से हुआ घायल, जिसे गौतम नर्सिंग होम जलेसर में कराया गया भर्ती, घायल को मरणासन्न हालत में कार सवार बदमाश मौके से छोड़कर हो गए थे फरार,घायल अंकुल ने बताया कि 2 कारों में बदमाश सवार थे और एक कार ट्रैक्टर के आगे लगा रखी थी और एक कार पीछे लगा रखी थी जिसके बाद सुनसान स्थान पर देख की थी लूटपाट की कोशिश और मारपीट,थाना जलेसर क्षेत्र का मामला।

## ब्रह्म समाज एकता समिति मैं नव नियुक्तियां



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-ब्रह्म समाज एकता समिति मैं नव नियुक्तियां ब्रह्म समाज एकता समिति के जिला अध्यक्ष स्वागत पचौरी के प्रस्ताव पर समिति के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल रत्न डॉक्टर धनेश मणि त्रिपाठी गोरखपुर के द्वारा प्रदेश समिति में श्री भूदेब मिश्रा निवासी शांति नगर एटा ब श्री दीपक शर्मा निवासी जिला पंचायत कंपाउंड एटा को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अजय कुमार उपाध्याय टीटू निवासी सिविल लाइन एटा श्री सतीश चंद्र मिश्रा निवासी पीपल अड्डा को प्रदेश महासचिव एवं श्री राजेश दीक्षित निवासी शांति नगर एटा व श्री चंद्र प्रकाश शर्मा निवासी आवास विकास कॉलोनी एटा को जनपद एटा के अंतर्गत जिला कार्यकारी अध्यक्ष तथा श्री अभिनव मिश्रा निवासी शांति नगर एटा को जनपद एटा की युवा प्रकोष्ठ इकाई का जिला अध्यक्ष ब श्री संदीप दीक्षित पत्रकार एवं शिवकुमार पाठक पत्रकार को एटा जनपद इकाई का मीडिया प्रभारी नामित किया गया जय जय श्री परशुराम अ सी त दीक्षित प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रशासन उत्तर प्रदेश प्रतिलिपि सूचनार्थ माननीय श्री अरुण दीक्षित जी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एवं श्री उमेश चंद्र मिश्रा जी राष्ट्रीय कार्य कारी अध्यक्ष प्रशासन दिल्ली तथा डॉक्टर धनेश मणि त्रिपाठी जी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष गोरखपुर

## गोकशी की दो घटनाओं में संलिप्त दो शातिर गौ तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-मगंलवार की प्रातः थाना पिलुआ को गस्त करते समय सूचना मिली कि गौकशी की घटना करने हेतु सुन्ना नहर की पटरी पर ग्राम नगला गोकुल के पास कुछ व्यक्ति गोवंशो को इकठ्ठा कर रहे है। इसकी सूचना थाना मारहरा पुलिस तथा जिला नियत्रण कक्ष को एवं उच्चाधिकारियों को सूचित कर थाना पिलुआ पुलिस टीम बंथल पुल से करीब 800 मीटर आगे पहुँची तो मारहरा की तरफ से नहर की पटरी पर एक गाडी आती दिखाई दी , जैसे ही वह गाडी ग्राम गोकुलपुर के सामने पहुची तो जीप की रोशनी में झाड़ियों में से निकलकर दो लोग आते हुए दिखायी दिए जिन्हें टोकने पर उनके द्वारा पुलिस टीम के ऊपर फायरिंग शुरु कर दी गई !

जिसमें थाना पिलुआ में तैनात आरक्षी बलदेव बाएं हाथ में गोली लगने से घायल हो गए ! पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में अभियुक्त रिंकू सिंह जाटव पुत्र जयपाल सिंह निवासी रघुवीर एन्कलैव गाजियाबाद उम्र करीब 42 वर्ष के बांये पैर के पंजे तथा अभियुक्त संदीप तालाब पुत्र रविन्द्रसिंह निवासी रघुवीर एन्कलैव जनपद गाजियाबाद मूल निवासी बडी गौशाला रोड थाना कोतवाली शामली जनपद शामली उम्र करीब 30 वर्ष के बाये पैर में घुटने व टखने के बीच में गोली लगने से घायल हो गए। घायल आरक्षी तथा दोनों अभियुक्तों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है।

अभियुक्तों की जामातलाशी में दो मोबाइल, दो अवैध देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस ( नाल में फसें हुए 315 बोर ), चार खोखा कारतूस 315 बोर ( जमीन पर पडे हुए ), 08 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 10 रस्सी के टुकडे, 04 इंजेक्शन लगाने वाली सिरंज, 01 नशे की दवाई की कांच की शीशी व एक मो0सा0 व 1560 रुपये नकद मिले है, तथा मौके से बरामद चार गायों को गौशाला भिजवाया जा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ जनपद में दिनांक 01/02.05.2023 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम पवांस तथा दिनांक 02/03.05.2023 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लखमीपुर में गौवंशों के कटान संबंधी दो घटनाओं को कारित किया जाना स्वीकार किया गया है। आज अभियुक्त गायों को इकट्ठा करने के पश्चात अपने साथी शाकिर निवासी नदरई थाना कोतवाली कासगंज, कासगंज को सूचना देने वाले थे, शाकिर अपने अन्य सहयोगियों के साथ गौवंशों का कटान करता। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रकरण में फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर कानून एवं शांति व्यवस्था सामान्य है।

## मतदान करने हेतु मा0 आयोग द्वारा एपिक कार्ड सहित 15 विकल्प पत्र किए गए हैं जारी

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मा0 आयोग द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद की 04 नगर पालिका परिषद, 06 नगर पंचायतों में अध्यक्ष/सदस्य पद के निर्वाचन हेतु जनपद एटा में 11 मई को प्रात: 07 बजे से सांय 06 बजे तक मतदान होगा। मा0 आयोग द्वारा निर्वाचक प्रतिरूपण को रोके जाने एवं उनकी पहचान करने के लिए मतदान करने हेतु मतदान स्थल पर निर्धारित 15 पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र होना अनिवार्य होगा। इन विकल्प पत्रों में से कोई एक साथ लेकर आएं और मतदान करें मा0 आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं की पहचान हेतु निर्धारित पहचान पत्रों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत मतदाता पहचान पत्र( एपिक कार्ड ), आधारकार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, आयकर पहचान पत्र, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किये जाने वाले फोटोयुक्त पहचान पत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख यथा-भूतपूर्व सैनिक पेंशनबुक, पेंशन भुगतान आदेश, वृद्धावस्था पेंशन आदि, फोटोयुक्त स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेन्स, फोटोयुक्त शारीरिक रूप से अशक्त होने का प्रमाण पत्र, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्टकार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अन्तर्गत रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इण्डिया द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र, राशनकार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई एक दस्तावेज जो परिवार के मुखिया के पास ही उपलब्ध होतेहैं, वे परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान के लिए भी वैध माने जाएंगे

## प्रतिद्वन्दी दो राजनैतिक दलों के सभासद उम्मीदवारों में दिखा साम्प्रदायिक सदभाव




निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-दूसरे चरण के स्थानीय निकाय चुनाव के मतदान की तिथि 11 मई से पूर्व आज सांय प्रचार प्रसार जहां थम जाऐगा तो वहीं उम्मीदवार डोर टू डोर अकेले ही अपने पक्ष में मतदान करने के लिऐ मतदाताओं को रिझाऐगा ! आज प्रचार प्रसार के अंतिम दिन सभी उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों के साथ जमीन पर विशाल जुलूस के रूप में रोड शो करके मतदाताओ को अपने अपने पक्ष में करने के लिऐ प्रभावित करने का प्रयास किया तो वहीं एटा शहर के वार्ड नं. 14 से काग्रेंस पार्टी के उम्मीदवार अजीत सिहं सोलंकी एवं वार्ड नं. 21 से भाजपा के उम्मीदवार गौरव सिहं पुन्ठीर द्वारा आज के इस आधुनिक पैतरेबाजी राजनीति को धता बताते हुए

एक ही स्थान पर अपने अपने चुनाव कार्यालय खोलकर व हाथ से विक्टरी ( विजय चिन्ह ) बनाकर दिखाते हुऐ मतदाताओं को साम्प्रदायिक सदभाव व भाईचारे की मिसायल पेश की है

## खुद से लड़ रहा है नगर पालिका एटा

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-चुनाव के दो दिन बाकी होने के बाद क्या शहर में होगा यह सभी भलीभांति जानते है। लेकिन वर्तमान की परिस्थिति क़ो बीजेपी ने अपने माकुल बनाने की कोशिश टिकट से लेकर बसपा के प्रत्याशी क़ो बैठाने तक की है वही कुछ दिनों से कई संघटनो के समर्थन भी जुटाये है। परंतु कड़ी परिस्थिति क़ो गौर से देखे तो बीजेपी अपने प्रत्याशी के चयन में धोखा खा गई है।जिसकी वज़ह से बीजेपी के स्थानीय नेताओं क़ो डोर टू डोर केम्पन करना पड़ रहा है और उत्तर प्रदेश के ष्ठष्टरू केशव देव मौर्य क़ो भी जनपद की धरा पर लाना पड़ा है। इधर शहर में दो और प्रत्याशी मौजूद होने अहसास करा रहें है कि वो इस बार जोर का झटका देंगे। सपा से जहीर अहमद के साथ मुस्लिम वोटर व यादव वोटर पार्टी के साथ खड़ा होता दिखाई दें रहा है लेकिन यादव वोटर के लिए सबसे बड़ी मुसीबत यह है कि निर्दलीय प्रत्याशी मीरा गाँधी भी यादव समाज से ही आती है, ऐसे में यादव के लिए पार्टी और जाति में से एक क़ो चुनना है,अगर यादव समाज ने मीरा क़ो चुना तो पार्टी की नाक कट जाएगी और पार्टी क़ो चुना तब समाज के प्रत्याशी की घनघोर बेज्जती बीजेपी के सामने होंगी ही। यादव वोटर सम्भवतय अब परिस्थिति के अनुसार वोट करेगा।

### सुधा गुप्ता

बीजेपी प्रत्याशी सुधा गुप्ता का चेहरा खुद में शहर की जनता के लिए ना पहचाना है लेकिन बीजेपी ने बेदाग चेहरा देकर शहर के लिए एक पसंद जरुर दी है। लेकिन कितना सार्थक होगा यह समर्थन देने वाले संघठन तय नहीं करेंगे धरातल पर वैठा वोटर तय करेगा।

### ब्राह्मण की नाराजगी

ब्राह्मण की नाराजगी कितनी सार्थक होंगी यह कहना अभी सही नहीं है लेकिन ब्राह्मण नाराज है यह भलीभांति जिले क़ो अहसास हो चूका है। लेकिन ब्राह्मण के बेहद ख़राब चेहरे जैसे जिन्हे सिर्फ खरीद फरोख्त करने का गुण तो आ सकता है लेकिन वोट क़ो जीत में बदलने का गुण नहीं आता हो ऐसे ब्राह्मण चेहरों के बलबूते बीजेपी अपनी नाव पार करने जा रही है।

### बीजेपी का ठाकुर

सभी जातियों के समावेश होने के बाद ही बीजेपी बनती है लेकिन नगर पालिका चुनाव में ठाकुर समाज की भागीदारी दूर दूर तक नहीं दिखाई दें रही है। कही ऐसा तो नहीं की ठाकुर समाज ने अपनी ठेकेदारी फिक्स कर ली हो।क्योंकि बीजेपी के कोर वोट के रूप में इस वर्ग क़ो भी माना जाता है। लेकिन सहभागिता के रूप में ठाकुर समाज के बड़े नेताओं के चेहरे दिखाई नहीं दिए है।फिर बीजेपी किस रास्ते मंजिल जीत रही है??

### दलित समाज के ठेकेदार

जिले के दलित समाज क़ो खरीद कर बेचना बसपा की फितरत ने दलित के सम्मान क़ो भी गिराया है। बीजेपी ने एक मुश्त प्रत्याशी क़ो ख़रीदा तो वही निर्दलीय प्रत्याशी मीरा गाँधी ने बसपा का समर्थन खरीद कर दलित वोटर क़ो मुँह के बल गिरा दिया है। अब दलित वोटर करें तो क्या करेंः बसपा के साथ जाये या फिर जहाँ प्रत्याशी गया वहां जाये..!!! जीत हार में कल फिर एक बड़ा विश्लेषण लेकर आएंगे कि मीरा गाँधी के कार्यकाल में कितना घपला हुआ और बीजेपी प्रत्याशी सुधा गुप्ता की पकड़ में शहर की डोर क्यों कमजोर हो रही है. सपा प्रत्याशी जहीर अहमद क़ो किसका लगा है

## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में बेबीरानी मौर्य ने की जनसभा

योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- राज्य सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य ने मारहरा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होने कहा, कि भाजपा की सरकार में महिलाऐं और बेटियों को कोई डर और असुरक्षा नहीं है। आज वह निर्भीक होकर कहीं भी आ जा सकतीं हैं। जबकि पहले की सरकारों में उनमें डर का माहौल होता था। उन्होने मौजूद जनसैलाब से कहा, कि मारहरा नगर पालिका में यदि भाजपा का चेयरमैन होगा, तो नगर का अच्छी तरह से विकास होगा। उन्होने आगामी 11 मई को भाजपा प्रत्याशी राजनश्री के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील लोगों से की। मारहरा विधायक वीरेन्द्रसिंह लोधी ने कहा, मारहरा में इस बार परिवर्तन की लहर दौड़ रही है। मारहरा नगर पालिका का पिछले 35 वर्षों का इतिहास इस बार बदलने वाला है। कोई भी किसी के बहकावे या धमकावे में न आये। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का 51 किलो की फूलमला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान गौरीशंकर शर्मा, संतोष चैहान, विजयसिंह टाईगर, राहुल भारद्वाज, अरविंद गोयल, गोल्डी गुप्ता, मुकेश राजपूत, सकलैन कुरैशी, धीरज गुप्ता, दलवीरसिंह लोधी, अशोक सक्सैना, डीके शर्मा, डा0 आरएस सागर, गुलजारीलाल वर्मा, गौरव गुप्ता, डा0 शिवकुमार भारद्वाज, शैलेन्द्र राठी, अक्षत राठी, टीटू गुप्ता, चेतन गुप्ता, आलोक गोयल, भूदेवसिंह लोधी, नरपतसिंह वर्मा, राजकुमार साहू, राहुल साहू आदि मौजूद रहे।

## नगर में तमाम वर्गों ने दिया समाजवादी पार्टी को समर्थन

क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली-रिठौरा- समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नत्थो देवी के समर्थन में पूर्व विधायक इस्लाम साबिर, शहज़लि इस्लाम, प्रमोद यादव, हरीशंकर यादव सहित दर्जनों बड़े नेताओं ने घर-घर जनसम्पर्क कर साइकिल पर मोहर लगाकर प्रत्याशी की विजयी बनाने की अपील की । वहीं तमाम वर्गों ने समर्थन किया।इस मौके पर गुड्डू अंसारी, अशोक यादव,अंगूरी देवी, निवर्तमान सभासद श्वेता गुप्ता, सचिन गुप्ता,ऋषभ गुप्ता, राजीव यादव,मोर सिंह यादव,विजय यादव, कृष्णपाल यादव सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# हरे पेड़ों पर चल रहा अरा ग्रामीण अंचलों से पेड़ों का अस्तित्व हो रहा खत्म



प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना क्षेत्र सोनवा के पुलिस चौकी लक्ष्मण नगर अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर के मजरा कचना पुर के निवासी देवी दयाल ,अनोखी, शावली ,आदि के खेत से बिना परमिट के ठेकेदार के हाथ बेच दिया और ठेकेदार ने आम 9, सागवान 11 , शीशम 4 पेड़, गूलर 6, पेड़ प्रतिबंधित बिना परमिट के ठेकेदार ने काट दिया और उठा ले गए इस संबंध में वन दरोगा श्रावस्ती, संजय ओझा से बात करने पर बताया गया

कि जानकारी में नहीं था संज्ञान में आया है तत्काल प्रभाव से जांच करके कार्यवाही की जाएगी

## भागकर की थी शादी: माशूका से बेगम बनी लड़की का दो माह में तलाक, पहाड़ों पर घूमने की जिद से तंग शौहर ने छोड़ा

